>Title: Need to conduct a CBI enquiry on the alleged irregularities in implementationa of Central Govenrment sponsored programmes in Uttar Pradesh.

श्री मित्रसेन यादव : मैंने समय पर नोटिस दिया है। मैं एक अनुशासित सदस्य हूं। मैंने कभी आपके आदेश का उल्लंघन नहीं किया। स□□(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदयः यदि कभी ऐसा नहीं किया, तो आज किस ौलए किया?

श्री मित्रसेन यादव : अध्यक्ष महोदय, भूल से कर दिया। माननीय अध्यक्ष महोदय, भारत सरकार पूरे देश में खाद्यान्न योजनाओं और विभिन्न योजनाओं के तहत तमाम लोगों को काम के बदले अनाज वितरण करती है लेकिन उत्तर प्रदेश में उन योजनाओं के तहत खाद्यान्न की बड़े पैमाने में चोरी और भ्रटाचार हुआ है। इस मामले में कई जिलों में अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट भी की गई जिसे लेकर जिलाधिकारी तक ससपैंड किए गए। लखीमपुर के जिलाधिकारी 108 करोड़ रुपए के घोटाले में सस्पेंड है ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदयः समय कम है। आप अपनी बैंत जल्दी ख़ैत्म करिए।

श्री मित्रसेन यादव : इस प्रकार पूरे प्रदेश में 25 हजार करोड़ रुपए के खाद्यान्न का ब्लैकमेल और घोटाला हुआ। हमारी मांग है कि इतने बड़े घोटाले की सीबीआई से जांच कराने की ृपा की जाए क्योंकि गरीबों के खाद्यान्न की चोरी हुई है। पूरे देश में खास तौर पर उत्तर प्रदेश में, एक साल में सारे गरीबों का राशन ब्लैक में बेच दिया गया। मैं सरकार से गुजारिश करता हूं कि वह इस मामले की जांचC.B.I. से कराए **जिससे दोाी लोगों को दंड दिया जा सके। â€¦(व्यवधान)वहां के मंत्री और अधिकारी मिल कर मामले को दबाने की कोशिश कर रहे हैं।**

MR. SPEAKER: You have put it very forcibly.